साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय
संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल–462030 (म0प्र0)

स्वशासी योजना के अंतर्गत् शासी निकाय की बैठक

कमांक 04(सत्र 2019–20)

दिनांक 16/01/2020 समयः दोपहर 11:30 बजे

## कार्यवृत्त

आज दिनांक 16–01–2020 को पूर्वान्ह 11:30 बजे महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अंतर्गत शासी निकाय की बैठक माननीय श्री दयालदास डेटानी जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

I. अध्यक्ष
श्री दयालदास डेटानी जी (अध्यक्ष प्रबंध समिति)

II. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
1. श्री राजेन्द्र मनवानी (महासचिव)
2. श्री दिनेश वाधवानी (कोषाध्यक्ष)

III. कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा नामित सदस्य
डॉ. प्रमिला मैनी
पूर्व निदेशक, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल

IV. शासी निकाय द्वारा नामित शिक्षाविद्
डॉ. आभा बाजपेई
सेवानिवृत प्राध्यापक हिन्दी
सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
शिवाजी नगर, भोपाल

V. महाविद्यालय के प्राचार्य –पदेन सचिव (शासी निकाय)
डॉ अनिल कुमार सिंह

VI. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
(i) डॉ डी.के.दुबे., सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन।
(ii) डॉ. सुमन मलिक, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र।

VII. विशेष आमंत्रित सदस्य
(i) श्री अशोक आडवानी, सचिव प्रबंध समिति
(ii) डॉ. बी.डी. पाण्डेय नियंत्रक(स्वशासी प्रकोष्ठ)



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिए गये:–

**बिन्दु क्रमांक 1. :– सत्र 2018–19 में स्वशासी योजना के अंतर्गत आयोजित शासी निकाय की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर चर्चा।**

शासी निकाय की बैठक में उपस्थित सदस्यों को प्राचार्य महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि शैक्षणिक सत्र 2018–19 हेतु स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा बनाए गए प्लानर के अनुसार सभी शैक्षणिक एवं शैक्षणेतर गतिविधियां सम्पन्न करवाई गई। महाविद्यालय की स्वशासी योजना के अन्तर्गत करवाई जाने वाली परीक्षाएं भी तय समय सीमा के अन्तर्गत आयोजित हुई एवं सभी परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए गए। प्राचार्य महोदय द्वारा जानकारी दी गई की फैशन डिजाइनिंग का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सत्र 2018–19 से प्रारम्भ कर दिया गया है तथा सत्र 2018–19 के लिये आयोजित शासी निकाय की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी दी गई जिसपर सभी सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**बिन्दु कमांक 2:– अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित अकादमिक प्रस्ताव :**

(i) **सत्र 2019–20 में स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विषयों वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, प्रबंधन (BBA), वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीतिक शास्त्र एवं आधार पाठ्यक्रम के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यकमों का अनुमोदन।**
विभिन्न विषयों वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, प्रबंधन (BBA), वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीतिक शास्त्र एवं आधार पाठ्यकम के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यकमों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(ii) **सत्र 2019–20 में स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत वाणिज्य, हिन्दी, गणित, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, जैव प्रौद्योगिकी तथा भौतिक शास्त्र विषयों के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यकमों का अनुमोदन।**
विभिन्न विषयों वाणिज्य, हिन्दी, गणित, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, जैव प्रोद्योगिकी तथा भौतिक शास्त्र विषयों के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यकमों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(iii) **सत्र 2019–20 में स्नातक स्तर पर सूक्ष्म–जीवविज्ञान, अंग्रेजी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन शास्त्र एवं भौतिक शास्त्र विषयों में आंशिक संषोधन/सुझाव जो कि अध्ययन मंडल द्वारा अनुशंसित हैं, का अनुमोदन।**
स्नातक स्तर पर सूक्ष्म–जीवविज्ञान, अंग्रेजी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन शास्त्र एवं



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

भौतिक शास्त्र विषयों में डॉ. पंडा जी द्वारा आंशिक संषोधन संबंधी जानकारी मांगी गई जिस पर विषयवार विभागाध्यक्षों द्वारा किये गये संषोधन की विस्तृत जानकारी दी गई, इसके उपरांत जो सुझाव अध्ययन मंडल द्वारा अनुषंसित किए गए हैं, सर्वसम्मति से अनुमोदित किये गये।

(iv) **स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में सेमेस्टर एवं वार्षिक प्रणाली हेतु अनुमोदित परीक्षा नियमों में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय–समय पर जारी किये जाने वाले संशोधन यथावत लागू करने हेतु अनुशंसा।**

निर्णयः– यथा प्रस्तावित अनुमोदित।

(v) **अकादमिक विषयों पर सुझाव एवं अनुशंसा।**
(i) बी.एस.सी बी.एड, बी.ए. बी.एड, बी.कॉम ऑनर्स, बी.ए. कम्प्यूटर, बी .ए. गणित पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु अनुषंसा।
(ii) Taxation(GST) में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु अनुषंसा।

उपरोक्त बिंदु पर चर्चा के दौरान taxation के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम के संचालन एवं अवधि संबंधी जानकारी मांगी गई। Taxation (GST) में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम हेतु डॉ. विनय श्रीवास्तव द्वारा छः महीने की अवधि का सुझाव दिया गया, जिसको अध्यक्ष महोदय द्वारा मान्य किया गया।

बिन्दु कमांक 02(iii) पर चर्चा के दौरान डॉ0 प्रमिला मैनी द्वारा पाठ्यक्रमों में संशोधन से संबंधित जानकारी मांगी गई। इसके अंतर्गत विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में किए गए संशोधन /नई विषय वस्तु जोड़ने संबंधी जानकारी दी गई । साथ ही डॉ0 सुमन मलिक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि महाविद्यालय द्वारा विज्ञान संकाय के लिए Redesigning of Curriculum पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें विज्ञान संकाय के विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा संबधित पाठ्यक्रमों को तर्क संगत एवं बनाने हेतु सुझाव दियें गए।

बिन्दु क्रमांक 02(v) के उप बिन्दु (i) के अंतर्गत डॉ0 प्रमिला मैनी द्वारा B.A. Maths पाठ्यक्रम के सह विषयों के संबंध में जानकारी मांगी गई जो कि प्राचार्य द्वारा प्रदान की गई।

बिन्दु क्रमांक 02(v) के उप बिन्दु (ii) के अंतर्गत Taxation(GST) में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु अनुषंसा पर चर्चा के दौरान डॉ0 आभा वाजपेयी द्वारा यह सुझाव दिया गया कि GST संबंधी लघु समयावधि पाठ्यक्रम में प्रारम्भ से ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ–साथ बाहरी छात्रों को भी प्रवेश दिया जाये, जिसे सर्वसम्मति से मान्य किया गया।



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

**बिन्दु कमांक 3:– वित्त समिति द्वारा प्रस्तुत वित्तीय प्रस्तावों का अनुमोदन।**

(अ) यू.जी.सी. की सत्र 2018–19 की ऑटोनोमी ग्रान्ट के utilization का अनुमोदन।

(ब) सत्र 2019–20 के स्वशासी मद के प्रस्तावित बजट पर चर्चा ।

(स) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा परीक्षा संबंधी मानदेय की संषोधित दरें लागू करने हेतु प्रस्ताव ।

उपरोक्त बिन्दु के अंतर्गत प्रस्ताव (अ) पर चर्चा के दौरान डॉ0 प्रमिला मैनी एवं डॉ0 आभा वाजपेयी द्वारा यह सुझाव दिया गया कि यू.जी.सी .के स्वशासी योजना के अंतर्गत दिये गये अनुदान का अधिकतम उपयोग होना चाहिए ,जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

अन्य वित्तीय प्रस्ताव यथा प्रस्तावित अनुमोदित ।

**बिन्दु कमांक 4:– महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

उपरोक्त बिन्दु के अंतर्गत महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों के बारे में प्राचार्य महोदय द्वारा जानकारी दी गई। चर्चा के दौरान यू.जी.सी. की अधिसूचना में उल्लिखित ग्रीन ऑडिट समिति , यू.जी.सी. समिति के गठन तथा योजना एवं मूल्यांकन समिति व शिकायत निवारण प्रकोष्ठ को विधिवत चलाने पर जोर दिया गया तथा पूर्व छात्र संघ का पंजीकरण करवाने की आवश्यकता जतायी गई। साथ ही Research work एवं Teaching learning and evaluation पर अधिक कार्य करने पर जोर दिया ,यह भी सुझाव दिया गया की सभी समितियों के सर्कुलर एवं कार्यों का विवरण अनिवार्य रूप से आंतरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ में समय – समय पर प्रस्तुत किया जाये। इन सभी सुझावों को प्राचार्य महोदय द्वारा आगामी सत्र से लागू करने आश्वासन दिया गया जिसे सभी सदस्यों द्वारा मान्य किया गया।

**बिन्दु कमांक 5:– अस्थायी सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी जो कि महाविद्यालय में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर चुके है उनके लिए मेडिकल अवकाश की पात्रता हेतु प्रस्ताव ।**

उपरोक्त बिन्दु पर चर्चा के दौरान शासी निकाय के सदस्यों ने मत व्यक्त किया कि उपरोक्त प्रस्ताव चूंकि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के क्षेत्राधिकार में आता है अतः इसे सूचनार्थ प्रस्तुत माना जाये।

**बिन्दु कमांक 6:– माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

प्राचार्य महोदय द्वारा निम्न प्रस्ताव रखे गये–

(i) अनुदान प्राप्त सहायक प्राध्यापकों को म.प्र. शासन के नियमानुसार अर्हता प्राप्त करने की तिथि से प्राध्यापक पद नाम हेतु प्रस्ताव ।

(ii) महाविद्यालय में कॉलेज कोड 28 के अन्तर्गत नियुक्त सहायक प्राध्यापक जो कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नियमानुसार सह–प्राध्यापक की अर्हताएं पूर्ण करते है उन्हें सह प्राध्यापक पदनाम देने हेतु प्रस्ताव ।

उपरोक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से मान्य किये गये।

कार्य सूची में उल्लिखित सभी बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात् नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ डा0 बी.डी.पाण्डेय द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया एवं बैठक के समापन की घोषणा की गई।

प्राचार्य

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous Col
Sant Hirda Ram Nagar,
Bhopal-462030 Bhopal

प्रतिलिपिः
1. अध्यक्ष शासी निकाय,साधु वासवानी शिक्षण समिति
2. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
3. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
4. यू.जी.सी. (नई दिल्ली) द्वारा नामित सदस्य
5. राज्य शासन द्वारा नामित सदस्य
6. विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य
7. नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ

**PRINCIPAL**
**Sadhu Vaswani Autonomous College**
**SANT HIRDARAM NAGAR**
**BHOPAL-462030**